सुप्रभात
मंगलवार 24.09.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 157
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

## स्पीड न्यूज

### जेबीकेएसएस नेता ने दिया भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन पर बल



महुदा। जेबीकेएसएस नेता सह पंचायत समिति सदस्य रूपदेव रवानी ने ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण में अनियमितता बरतने पर भारी नाराजगी जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क में ठेकेदार द्वारा पहले न तो अच्छा से पानी डाला गया और न ही क्वालिटी युक्त मैटेरियल का उपयोग किया गया है। उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि ठीक से काम कराओ, लोगों की बुनियादी सुविधाओं पर डाका मत डालो, भ्रष्टाचार करना बंद करो अन्यथा उग्र आंदोलन किया जायेगा।

### झामुमो ने मनायी बिनोद बाबू की 101 वीं जयंती



धनबाद। स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो की 101वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रतिनिधियों ने धनबाद रेलवे स्टेशन स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि बिनोद बाबू झारखंड के पितामह हैं। उनकी जयंती के अवसर पर आज हमलोग यहां जुटे है। इनके आदर्शों पर चलकर ही बेहतर झारखंड का निर्माण कर सकते है। मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, जिला सचिव मन्नू आलम, केंद्रीय सदस्य अमितेश सहाय, केंद्रीय सदस्य धरनीधर मंडल, जिलाउपाध्यक्ष मुकेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष कालीचरण महतो, जिला संगठन सचिव मदन महतो, पूर्व केंद्रीय सदस्य जग्गू महतो, बसंत महतो, जिला परिषद सदस्य सह महिला नेत्री लक्ष्मी मुर्मू मौजूद थे।

### कोयला उठाव ट्रांसफर के विरोध में ट्रांसपोर्टिंग ठप

कतरास। बीसीसीएल द्वारा लिंकेज डीओ ऑफर का 25 (पच्चीस प्रतिशत उठाव) दूसरी कोलियरियों में ट्रांसफर का पत्र निर्गत करने के खिलाफ ब्लॉक दो के नदखरकी, बेनीडीह एवं जमुनिया कोल डंप के मजदूरों ने ट्रांसपोर्टिंग ठप कर दी। मौके पर मंजीत सिंह, दीपू पांडे, सुधीर पांडे, गोपाल चौहान, जग्गू गोप, मेहन महथा, कैलाश रविदास, संजय भुइया, उपेंद्र रविदास, मनोज शर्मा, जितेंद्र सिंह, विपिन सिंह, प्रकाश पंडित, मन्नू सिंह आदि उपस्थित थे।

### चोरी के तीन टोटो और 14 बैटरी पुलिस ने किया बरामद

धनबाद। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रोफेसर कॉलोनी से गत 19 सितम्बर को 3 टोटो की चोरी हो गई थी। मामले में तीन शातिर को धनबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरी की तीन टोटो के अलावा 14 बैटरी भी बरामद की गई है। डीएसओ विधि व्यवस्था दीपक कुमार ने सोमवार को सदर थाना में प्रेस वार्ता कर बताया कि एसएसपी के निर्देश पर टीम का गठन किया गया था। इसके बाद बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के जयनगर जोरिया के निकट जंगल से टोटो और चड़क पत्थर स्थित स्क्रैप गोडाउन से चोरी की बैटरी भी बरामद हुई है। मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी विधि व्यवस्था ने बताया कि कोई भी अपराध कर अपराधी नहीं बच सकता।

## लोडिंग के अभाव में 5000 मजदूरों के हाथ हुए बेकार, पर्याप्त डीओ ऑफर की मांग

# असंगठित मजदूरों ने किया चक्का जाम

**मजदूरों ने रोक दी कोयले की ट्रांसपोर्टिंग**

खबर मन्त्र संवाददाता



कतरास। बरोरा क्षेत्र के मुराईडीह, शताब्दी, फुलारीटांड एवं एम वन कोल डंप में कोयला लोडिंग करने वाले असंगठित मजदूरों की संख्या के अनुपात में काफी कम कोयला उठाव का डीओ जारी करने के खिलाफ सोमवार को मजदूरों ने परियोजना की ट्रांसपोर्टिंगआदि ठप कर चक्का जाम आंदोलन चलाया। मजदूरों के इस आंदोलन के कारण साइडिंग में भी ट्रांसपोर्टिंग ठप रही। मजदूरों ने प्रबंधन के खिलाफ नारे लगाए तथा उचित मात्रा में डीओ का ऑफर देने की मांग की। मजदूरों ने कहा कि कोयला का पर्याप्त डीओ नहीं रहने से उन्हें लोडिंग का काम नहीं मिल पाता है। मजदूरों एवं उनके परिवारजनों के समक्ष घोर आर्थिक संकट आ गया है। लोग भुखमरी के शिकार हो गए हैं। मजदूरों का कहना था कि प्रबंधन मनमाने तरीके से कोल डंप का डीओ अन्य कोलिरियों में ट्रांसफर कर रहा है, जबकि बीसीसीएल के सभी 12 क्षेत्रों में से सबसे ज्यादा गुणवत्ता और ज्यादा मात्रा में कोयला इसी परियोजना में उपलब्ध है। मजदूरों ने कहा कि काम के अभाव में 5000 (पांच हजार) मजदूरों के हाथ बेकार हो गए हैं। डुमरा उत्तर पंचायत के मुखिया बिनोद महतो ने कहा कि इस परियोजना को संचालित करने के लिए सैंकड़ों रैयतों ने अपनी जमीन दी। कई गांव को विस्थापित किया गया, जिसके बदले में ग्रामीणों को समुचित रोजगार दिया जाना तय हुआ था, परन्तु स्थानीय प्रबंधन के मनमाने रवैये से जिन्हें कोलडंप में रोजगार मिलना था, वह छीना जा रहा है। अजय महतो एवं किशोर सिंह ने कहा कि मजदूरों के साथ प्रबंधन घोर अन्याय कर रहा है। प्रबंधन उनकी रोजी रोटी छीनने का काम कर रहा है। आंदोलनकारी मजदूरों ने कहा कि जबतक उनकी मांगों पर उचित निर्णय नहीं होता, कोयला आवंटन बढ़ाया नहीं जाएगा, तबतक चक्का जाम जारी रहेगा। मौके पर काफी संख्या में महिला व पुरुष मजदूर डटे हुए थे। मजदूरों के लिए आंदोलन स्थल पर खिचड़ी बनाई गई।

### कोल श्रमिकों की समस्या को लेकर धाकोकसं का आंदोलन 26 सितनबर से

धनबाद। अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के आह्वान पर धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ (बीएमएस), केंद्र सरकार एवं कोल इंडिया की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 26 सितंबर से चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगा। इस दिन बीसीसीएल के सी क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। 30 सितंबर को बीसीसीएल मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन होगा। यह जानकारी सोमवार को पुलिस लाइन स्थित विश्वकर्मा भवन में पत्रकार वार्ता में संघ के महामंत्री उमेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह आंदोलन बीसीसीएल सहित सम्पूर्ण कोल इण्डिया में चरणवद्ध तरीके से होगा।

## धनबाद ब तेनुघाट के जेलर और अधीक्षक पर हत्या का मुकदमा

**जेल में मृत औरंगजेब के भाई ने दर्ज किया केस**

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। नन्हे हत्याकांड में जेल में बंद मोहम्मद औरंगजेब की जेल में मौत के मामले ने एक नया मोड़ ले लिया है। सोमवार को मृतक औरंगजेब के भाई साजिद अली ने तेनुघाट व धनबाद जेल के अधीक्षक, धनबाद जेल के जेलर, तेनुघाट जेल के जेलर नीरज कुमर जमादार धर्मेंद्र कुमार ,जेल डॉक्टर, एवं धनबाद जेल के बडाबाबू के खिलाफ हत्या, रंगदारी, आपराधिक षडयंत्र, सरकारी सेवक द्वारा गलत सूचना देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया है। साजिद के अधिवक्ता उदय कुमार भट्ट ने बताया कि धनबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने मुकदमे की सुनवाई के लिए 24 सितंबर की तारीख निर्धारित की है।

### क्या है आरोप

अदालत में दायर शिकायत वाद में साजिद ने आरोप लगाया है कि उसका भाई नन्हे हत्याकांड में जेल में बंद था । अमन सिंह की हत्या के बाद उसके भाई को जेल प्रबंधन द्वारा शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा।साजिश के तहत उसे तेनुघाट जेल भेज दिया गया। उस समय जेल प्रबंधन द्वारा अदालत में यह लिखित दिया गया की बंदी को पूरी सुरक्षा दी जाएगी । साजिद ने आरोप लगाया है कि तेनुघाट जेल में जेलर और जमादार औरंगजेब को बेरहमी पूर्वक मारपीट करते थे और 30 हजार रुपए घर से मंगवाने का दबाव देते थे। इनकार करने पर जेलर के कहने पर जमादार धर्मेंद्र कुमार औरंगजेब को लाठी से बेरहमी पिटता था ।साजिद ने आरोप लगाया है कि धनबाद जेल का बड़ा बाबू हमेशा तेनुघाट के जमादार को फोन कर औरंगजेब को प्रताड़ित करने के लिए कहता था। 3 अप्रैल 24 को साजिद के पिता द्वारा इसकी शिकायत अदालत में की गई थी वहीं 2 अप्रैल 24 को साजिद के मां ने भी जेल आईजी ,झारखंड उच्च न्यायलय एवं धनबाद के न्यायालय में भी यह शिकायत किया था और आशंका जताई थी कि तेनुघाट जेल में औरंगजेब की हत्या कर दी जाएगी। साजिद ने आरोप लगाया है कि औरंगजेब ने जेल से फोन कर बताया था कि तेनुघाट जेल में जेलर नीरज कुमार ,जमादार धर्मेंद्र कुमार उसकी हत्या करवा देंगे यदि वह रूपया नहीं देगा। साजिदने आरोप लगाया है कि रंगदारी का रूपया नहीं देने के कारण आरोपियों ने षड्यंत्र के तहत 22 अगस्त 24 को उसके भाई औरंगजेब की जेल में हत्या कर दी तथा साक्ष्य छुपने के लिए बीमारी के कारण मौत बताया।

## बिनोद बाबू नाम नहीं, विचारधारा हैं : सुदेश

**नवनिर्माण संकल्प सभा**

खबर मन्त्र संवाददाता



तोपचांची। बिनोद बिहारी महतो की 101 वीं जयंती पर आजसू पार्टी की झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा तोपचांची के पावापुर में हुई। आजसू सुप्रीमो राज्य सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज ऐतिहासिक दिन को पुनर्जीवित और स्थापित करने के लिए यहां आए हैं। झारखंडी विचारधारा का जन्म इसी धरती पर हुआ है और यहीं बसा हुआ था, जहां खड़ा होकर हम उनको याद कर रहे हैं। इस दिन को यादगार बनाएं। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति की कल्पना से जिस पार्टी का जन्म हुआ, वह सत्ता पर काबिज है। सत्ता के नशे में अपने मूल उद्देश्य से विमुख हो गई है। बिनोद बाबू कोई नाम नहीं विचार धारा है। जब गांव महिलाओं के अधिकार को अनसुना कर देंगे तब बिनोद बाबू याद आयेंगे। सीपी चौधरी:झ ने अपने संबोधन में कहा कि आज यहां से संकल्प के साथ चुनाव में जाएं और लूटो पाटो पार्टी को उखाड़ फेंकने का काम करें। मौके पर गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी, गोमिय विधायक लंबोदर महतो, पूर्व विधायक उमाकांत रजक, केंद्रीय प्रधान महासचिव देव शरण भगत, महासचिव संतोष महतो,हलधर महतो, गिरधारी महतो, सियाराम सिन्हा, बिंदेश्वर महतो, प्रमोद चौरसिया, प्रमोद महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

### डिग्री कॉलेज जामाडोबा में मनी बिनोद बिहारी महतो की जयंती

जोड़ापोखर । डिग्री कॉलेज जामाडोबा में स्व बिनोद बिहारी महतो की 101 वीं जयंती मनाई गयी। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरपी सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कॉलेज के अन्य प्रोफेसर ने विनोद बाबू की तस्वीर पर माल्यर्पण किया व उन्हें श्रद्धांजलि दी। संचालन डॉ राज दुलारी ने किया। आर पी सिंह ने कहा कि बिनोद बाबू झारखंड आंदोलन के प्रणेता और अपने आप में एक संस्था थे। जाति-धर्म से परे उन्होंने समस्त झारखंडियों के हितों की लड़ाई लड़ी थी। उनके आंदोलन के परिणाम स्वरुप ही अलग झारखंड का सपना साकार हो पाया है। बिनोद बाबू ने पढ़ो और लड़ो का नारा दिया था।

## बालू उठाव करने जा रहा ट्रैक्टर पलटा, घायल युवक रांची रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

जामताड़ा। नारायणपुर थाना क्षेत्र के दूध पनिया के समीप बालू लाने जा रहे एक ट्रैक्टर पलटने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सोमवार की सुबह की बताई जा रही है। टुंडी से एक ट्रैक्टर नारायणपुर थाना क्षेत्र के दुधपनिया घाट से बालू उठाव करने जा रहा था। इसी बीच ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर एक गड्ढे में जा गिरा जहां एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की पहचान टुंडी थाना क्षेत्र के युनुस अंसारी के सुपुत्र चरकु अंसारी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने उन्हें इलाज के लिए पीएमसीएच धनबाद पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया। बताते चलें कि नारायणपुर के बराकर नदी के घाटों से अधड़ले से बालू का उठाव हो रहा है। एनजीटी की रोक के बावजूद प्रशासन की नाक के नीचे चितामि घाट पर लगभग 70-80 हाईवा बालू का स्टॉक माफिया द्वारा किया गया है। लेकिन नारायणपुर की पुलिस और प्रशासन मौन है। चितामि दुधपनिया एवं अन्य घाटों पर पहले भी प्रशासन द्वारा छापेमारी कर बालू के स्टॉक को जब्त किया गया है,लेकिन फिर भी माफिया द्वारा बालू के उठाव किया जा रहा है।

## एक नजर में

### गोविंदपुर जामताड़ा रोड से 7 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार



धनबाद। धनबाद पुलिस ने बीती रविवार की रात गोविंदपुर जामताड़ा रोड पर 7 किलो अवैध गांजा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी देते हुए डीएसपी मुख्यालय 2 संदीप कुमार गुप्ता ने मीडिया को बताया कि एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन को गुप्त सूचना मिली कि धनबाद की ओर से काफी मात्रा में अवैध गांजा लेकर मोटरसाईकिल से गोविन्दपुर-जामताड़ा रोड होते हुए दो व्यक्ति नारायणपुर जाने वाले हैं। इसके बाद उनके नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन कर पूर्वी टुण्डी के बड़बाद जंगल के पास गहन वाहन चेकिंग चलाया गया। चेकिंग में एक नीले रंग की पैशन प्रो मोटरसाईकिल जेएच 21 डी 9800 पर जामताड़ा के सिजन चन्द्र मंडल (32) और राजकिशोर मंडल (22) को करीब 7 किलो अवैध गाँजा के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि इससे पहले भी वे कई बार धनबाद एवं गोविन्दपुर से गांजा लेकर नारायणपुर पहुंचा चुके हैं। छापामारी दल में थाना प्रभारी पूर्वी टुंडी मदन चौधरी, पूर्वी टुंडी थाना के राधे बाड़ा, वीर अभिमन्यु, संजय बैठा, रंधु कुमार गोप, अजय सिंह आदि शामिल थे।

### टेंपो चालक ने पत्नी से विवाद के बाद फांसी लगाकर की आत्महत्या



जोड़ापोखर। जोड़ापोखर एक नम्बर निवासी रुस्तम अंसारी के 26 वर्षीय पुत्र टेम्पो चालक नफीस आलम उर्फ राजा ने पत्नी आफरीन परवीन से बिवाद के बाद घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शब को पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के बड़े भाई खुर्शीद आलम ने बताया कि पत्नी से बिवाद के बाद वह जमुई मायके चली गई है। राजा बार बार लाने की बात कर रहा था, परन्तु वह आने को तैयार नहीं हैं। एक दिन पहले भी मोबाइल पर पति पत्नी के बीच बिवाद हुआ। घर के सभी लोग सो रहे थे, तभी राजा ने सोमवार की सुबह फांसी लगा ली। घर के लोगों ने आनन फानन में उसे फंदे से उतारा और अस्पताल ले जा रहे थे। परंतु रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा।

### दामोदा कोलियरी में 28 सूत्री मांगों को पूरा करने का प्रबंधन ने दिया आश्वासन



कतरास। बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र अंतर्गत दामोदा कोलियरी में 28 सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को परियोजना पदाधिकारी के कार्यालय में यूनियन पदाधिकारियों के साथ वार्ता सम्पन्न हुई। प्रबंधन द्वारा सभी बिंदुओं पर अबिलंब आवश्यक कार्रवाई कर समाधान करने का आश्वासन दिया गया। परियोजना में आने जाने हेतु हॉल रोड छोड़कर अलग से रास्ता बनाने, हाई मास्क लाइट,स्ट्रीट लाइट, रेस्ट शेल्टर, मोटरसाइकिल शेड, हाजिरी घर मरम्मत करने, अच्छे कैंटीन बनाने, बायोमेट्रिक उपस्थिति मशीन परियोजना से सटे हाजिरी घर में लगाने, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने, फेस तक जाने के लिए आवागमन की व्यवस्था, कॉलोनी में शुद्ध जल हेतु वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की मरम्मत पर विचार विमर्श किया गया। वार्ता में परियोजना पदाधिकारी सिन्हा साहब, मैनेजर विवेक जैन, सिविल इंजीनियर एवं यूनियन की ओर से क्षेत्रीय सचिव संतोष गोराई, अध्यक्ष एन डी पांडेय, शाखा सचिव मुकुटधारी गोराई आदि शामिल थे।

## हर तबके को जागरूक बनाना डालसा का लक्ष्य

**पांच दिवसीय ट्रेनिंग वर्कशाप का न्यायाधीश ने किया उद्घाटन**

खबर मन्त्र संवाददाता



धनबाद। झालसा के नेतृत्व में 131 पारा लीगल वॉलिंटियर्स की नियुक्ति के बाद सोमवार से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह, अवर न्यायाधीश राकेश रोशन,बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय महासचिव जीतेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मौजूद पैरा लीगल वालंटियर को उनकी जिम्मेवारियों से अवगत कराया गया और किस प्रकार कार्य करने हैं उनकी जानकारियां दी गई। मामले पर जानकारी देते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम कुमार शर्मा ने बताया कि सभी नवनियुक्त 131 पारा लीगल वॉलिंटियर्स घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं, विभिन्न कानूनो को लोगों को बता कर उनके अधिकार के प्रति उन्हें जागरूक करेंगे ताकि कोई भी व्यक्ति अपने अधिकार से वंचित न रह सके । चलंत लोक अदालत के द्वारा भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा की पारा लीगल वालंटियर हमारे फ्रंटलाइन वॉरियर होते हैं जिनके द्वारा डालसा सरकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाती है।

### 131 पारा लीगल वालंटियर की हुई ज्वाइनिंग

सचिव राकेश रोशन ने बताया कि झालसा के निर्देश पर 131 पारा लीगल वालंटियर की जॉइनिंग हुई है समाज के वैसे लोग जिन्हें कानून की जानकारी नहीं है एवं अपने अधिकारों से वह वंचित है उन्हें जागरूक करने का काम इनके द्वारा किया जाएगा धनबाद में प्रत्येक पुलिस स्टेशन में इन सबों की नियुक्ति की जाएगी ताकि किसी भी व्यक्ति को कानून से संबंधित जानकारी में भटकना न पड़े। नवनियुक्त पैरा लीगल वालंटियर को पांच दिनों तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि कानून की जानकारी उन्हें हो और वह घर-घर जाकर लोगों को जागरुक कर सकें।

# पर्यावरण को बचाना हमारी प्राथमिकता : उपायुक्त

**वृद्धाश्रम में बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद, जाना उनका हालचाल, पौधरोपण किया**

विशेष संवाददाता





धनबाद। धनबाद की उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्र ने पोषण माह अभियान के तहत सोमवार को सबलपुर स्थित वृद्धाश्रम पहुंची। बूढ़ी महिलाओं का कुशल मंगल लिया और उन्हें वस्त्र प्रदान किया। आश्रम में रह रही उम्र दराज महिलाओं ने उपायुक्त के सिर पर दोनो हाथ रख कर आशीर्वाद दिया। भावविभोर कर देने वाले इस दृश्य के साक्षी कई अधिकारी बने।महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वाकांक्षी योजना पोषण माह अभियान के तहत उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री मिश्र एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर ने सबलपुर स्थित वृद्धाश्रम में ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के तहत पौधरोपण भी किया।

इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों को इस अभियान को जिला स्तर पर सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाना हमारी प्राथमिकता है, जिससे हमारा वातावरण शुद्ध रहेगा और हम स्वस्थ जीवन जी सकेंगे।

मौके पर उपायुक्त सुश्री मिश्र ने वृद्धाश्रम में रह रहें सभी बुजुर्गों से मुलाकात कर हाल चाल जाना। उन्होंने उनकी समस्याओं के बारे में पूछा जिसपर बुजुर्गों ने एक एम्बुलेंस, चापानल एवं कुछ अलमारी की मांग उपायुक्त से की। उपायुक्त ने सभी बुजुर्गों को भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन जल्द ही आपकी सभी मांगों को पूरा करेगी।

### वृद्धाश्रम में है अच्छी व्यवस्था

बुजुर्गों ने बताया कि इस वृद्धाश्रम में उन्हें अच्छी तरह से खानपान कराया जाता है। साथ ही घर जैसे व्यवहार इस आश्रम में उन्हें मिलता है। सभी उनका अच्छे से ध्यान रखते हैं, समय-समय पर तरह-तरह की गतिविधियां खेल, भजन आदि से उन्हें काफी खुशियां मिलती है। उपायुक्त के वृद्धाश्रम आने पर बुजुर्गों ने उन्हें खूब आशीर्वाद और प्यार दिया। उपायुक्त ने कहा कि आप लोग यहां अच्छे से रह रहे हैं और खुश हैं यह अच्छी बात है, आपकी खुशी ज्यादा महत्वपूर्ण है। आपकी देखरेख में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं होगी, जिला प्रशासन आपकी हर मदद को आपके साथ हर वक्त खड़ा है। मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, डीआरडीए के संतोष सिन्हा, डीआरडीए के कनीय अभियंता मनोज कुमार मंडल, ओल्ड ऐज होम,सबलपुर धनबाद आश्रम के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद गद्दी, आश्रम के सह सचिव सुरेंद्र यादव, एस. एस हजरा, ओमकार मिश्रा समेत राष्ट्रीय मानव अधिकार भ्रष्टाचार निवारण भारत के सदस्य एवं कई अन्य लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## एसएनएमएमसीएच के नये प्राचार्य ने ग्रहण किया पदभार

**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) के नये प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार लाल ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। पूर्व प्राचार्य ज्योति रंजन प्रसाद सिंह ने उन्हें बुके देकर सम्मानित किया। इससे पहले शनिवार को डॉ. संजय कुमार चौरसिया ने इस अस्पताल में अधीक्षक के रूप में अपना पदभार लिया था। ज्ञात हो कि डॉ. लाल हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के नेत्र विभाग में पदास्थापित थे। वहां से उनका तबादला धनबाद में किया गया है। उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने की बात कही।

## सरकारी और निजी अस्पतालों की मनमानी पर कार्रवाई की मांग



**धनबाद।** जिले के सरकारी व निजी अस्पतालों में इलाज के नाम पर मरीजों से वसूली जा रही मनमानी राशि पर सांसद ढुल्लू महतो ने उपायुक्त माधवी मिश्रा को पत्र लिखा है। उन्होंने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए ऐसे अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। सांसद ने कहा कि किस इलाज का कितना खर्च है, इसकी सूची किसी अस्पताल में नहीं है। इस कारण मरीज के परिजनों को परेशानी होती है। अस्पताल प्रबंधन इलाज के नाम पर मनमाना पैसा वसूलने का काम करते हैं। लगातार शिकायतें भी मिल रही हैं। इसलिए इस मामले में कार्रवाई करते हुए इलाज की दर निर्धारित कर सूची लगायी जानी चाहिए।

## बिनोद बिहारी व दिनकर की जयंती मनायी गयी

**कतरास।** डुमरा स्थित बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र के गेस्ट हाउस में सोमवार को सामाजिक संस्था सम्पूर्ण जनजागृति ऑर्गेनाइजेशन डुमरा बाघमारा द्वारा बिनोद बिहारी महतो और राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जयंती सह करम महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद ढुलॅलू महतो के अग्रज शत्रुघन महतो ने दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। छात्र छात्राओं ने करम नृत्य, कविता व गीत प्रस्तुत किया। संस्था द्वारा विद्यालय के शिक्षकों को मोमेंटो एवं कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्रों छात्रों को मेडल व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## विनोद बिहारी महतो के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

**कतरास।** पढ़ो व लड़ो का नारा देने वाले झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता एवं राज्य के पुरोधा, झामुमो के संस्थापक पूर्व सांसद बिनोद बिहारी महतो की 101 वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को रामकनाली यूनियन कार्यालय में मजदूरों ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मजदूरों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर राजेन्द्र प्रसाद राजा, कंचन महतो मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### ममता दीदी एवं हेमंत पानी के सवाल पर दिखावे की लड़ाई लड़ते हैं: दिलीप घोष

# झारखंड आंदोलन को बेचने वाले कभी राज्य का भला नहीं कर सकते : ढुल्लू महतो

**सबसे ज्यादा हत्या एवं बलात्कार की शिकार हुई आदिवासी महिलाएं : अपर्णा सेनगुप्ता**




खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** दामोदर एवं बराकर नदी का पानी लेंगे, उस पानी से सिंचाई भी करेंगे। डीवीसी की उत्पादित बिजली भी लेंगे और उल्टा बंगाल के बड़े मालवाहक वाहनों को रोकेंगे भी। ममता दीदी और हेमंत भाई पानी के सवाल पर लोगों को बरगला रहे हैं। वहीं बांग्लादेशी घुसपैठ के सवाल पर दोनों मौन साथ रहते हैं। क्षेत्रीय दल एक मंच पर आ गए हैं। सभी क्षेत्रीय दालों का एक ही काम बच गया है। लूट का सूट के कारण ज्यादातर राज्यों के मंत्री एवं मुख्यमंत्री जेल जा रहे हैं। परंतु भाजपा को तानाशाह बताते हैं। उक्त बातें भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पश्चिम बंगाल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने पोद्दारडीह राज ग्राउंड में सोमवार की संध्या भाजपा द्वारा आयोजित परिवर्तन रैली को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सिर्फ सत्ता परिवर्तन भाजपा की चाहत नहीं है। समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन स्तर में परिवर्तन आए यह भाजपा की सोच है। प्रधानमंत्री ने गरीब लोगों को पक्का आवास, शौचालय, गैस कनेक्शन आदि देकर उनके जीवन में आमूल चूल परिवर्तन लाने का काम किया। 2014 के पहले देश की 30 करोड़ की आबादी गरीबी रेखा के नीचे थी। 2014 के बाद लगभग 20 करोड़ की आबादी गरीबी रेखा के ऊपर आ गई। देश के प्रधानमंत्री ने प्रधान सेवक बनाकर आम लोगों के जीवन में परिवर्तन लाया तथा उनका जीवन स्तर ऊंचा किया।उन्होंने कहा कि चुनाव के दो महीना पहले जनता को बरगलाने के लिए झारखंड सरकार द्वारा मंइया सम्मान योजना चालू की गई है। आप लोग पैसा लीजिए, परंतु वोट सोच समझकर दीजिएगा। निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि 5 वर्षों में ठग बंधन सरकार में सबसे ज्यादा हत्या एवं बलात्कार की घटनाएं आदिवासी महिलाओं एवं बच्चियों के साथ हुई है। हत्या एवं बलात्कार के मामले में झारखंड देश में तीसरे स्थान पर खड़ा है। दूसरी ओर अबुआ राज के बबुआ जनता को बरगला रहे हैं। 5 लाख लोगों को प्रतिवर्ष रोजगार देने के वादे का क्या हुआ। बेरोजगारों को 5 से 7000 रुपए प्रति माह भत्ता देने के वादे का क्या हुआ। चुनाव में जब तक बंधन सरकार के लोग वोट मांगने आए तो यह सवाल पूछिए। किसी के बरगलाने या झांसे में आने वाले नहीं हैं। जनता विधानसभा चुनाव में ठग बंधन सरकार को सबक सिखाएगी।

**1992 में ही अलग हो जाता झारखंड : ढुल्लू महतो**

परिवर्तन यात्रा को संबोधित करते हुए सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि झामुमो झारखंड का कभी भला नहीं कर सकता। 1992 में ही झारखंड अलग हो जाता, परंतु शिबू सोरेन ने 3 करोड रुपए लेकर झारखंड आंदोलन को बेचने का काम किया। जो परिवार शुरू से झारखंड आंदोलन को बेचता आया है, वह कभी भी झारखंड एवं झारखंडियों का भला नहीं कर सकता। राज्य की खनिज संपदा को सरकार द्वारा लूटा जा रहा है। गलत को गलत बताने पर भाजपा कार्यकर्ताओं पर झूठा केस किया जा रहा है। स्थानीय उद्योग धंधों में 75 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को काम देने का वादा का क्या हुआ। 90 प्रतिशत राज्य के लोग पलायन को मजबूर हैं और हेमंत सोरेन दाढ़ी बढ़ाकर संन्यास लेना चाह रहे हैं। अबकी बार जनता उन्हें राजनीति से संन्यास लेने के लिए मजबूर कर देगी।

**सभा को इन्होंने किया संबोधित**

परिवर्तन यात्रा को कुल्टी विधायक डॉक्टर अजय पोद्दार, राजकुमार अग्रवाल, भरत यादव, अनिल यादव, काजल नाग, जयप्रकाश सिंह इत्यादि ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व तेतुलिया मोड़ से भाजपा कार्यकर्ताओन ने परिवर्तन यात्रा का भव्य स्वागत किया तथा मोटरसाइकिल जुलूस के साथ राज्य ग्राम तक लेकर आए। कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा के सभी मंडल मोर्चा के मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं की भूमिका रही।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, हत्या की आशंका



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** कुमारधुबी के बरडंगाल निवासी सिकंदर हांड़ी (25) की रहस्यमय मौत को लेकर सोमवार को जिप सदस्य गुलाम कुरैशी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। स्वजन एवं आसपास के लोगों से बात कर पूरे मामले की जानकारी ली। मृतक सिकंदर हांड़ी के भाई महेंद्र हांड़ी ने कहा कि भाई पड़ोस के युवक शिबू हांड़ी के साथ काम करने उड़ीसा गया था। काम पसंद नहीं आने के कारण दोनों लौट रहे थे। 13 सितंबर को वे लोग धनबाद पहुंचे। वहां से दोनों लोकल ट्रेन पकड़कर वापस कुमारधुबी लौट रहे थे। भाई के साथ परिवार के सदस्यों की बात भी हो रही थी। शिबू मुगमा स्टेशन पर उतर गया। भाई के साथ अंतिम बात शाम छह बजे हुई। उसके बाद उसका मोबाइल बंद आने लगा। काफी तलाश की, परन्तु कहीं पता नहीं चला। शिबू भी घर नहीं लौटा था। लगा शायद दोनों साथ होंगे। पांच दिनों तक घर नहीं लौटने पर चिंता सताने लगी। कुमारधुबी ओपी में भाई के लापता होने की शिकायत की। 19 सितंबर की रात पता चला कि बराकर स्टेशन के समीप एक युवक का शव मिला है। हमलोग सीतारामपुर जीआरपी के पास गए। उनलोगों ने बताया कि शव आसनसोल अस्पताल में है। वहां पहुंचकर शव की शिनाख्त की। रेल पुलिस यूडी केस दर्ज कर चुकी थी। सारी प्रक्रिया पूरी कर घर लाकर दाह संस्कार किया। लेकिन उसकी मौत दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या है। क्योंकि कुछ दिन पूर्व ही जिससे उसका प्यार था, उसके घर वालों एवं ससुराल (बराकर) वालों ने उसे जान से मार देने की धमकी दी थी। पूरी उम्मीद है कि उस लड़की के ससुराल वाले या वह युवक जो उसके साथ गया था, उन लोगों ने उसकी हत्या कर दी है। मौके पर उपस्थित जिप सदस्य गुलाम कुरैशी ने कहा कि जिस तरह सिकंदर का शव बराकर में मिला है। प्रतीत होता है कि उसकी हत्या की गई है। मंगलवार को जीआरपी थाने में मामला दर्ज कराकर हत्या में शामिल लोगों को सजा दिलवाने में भरपूर सहयोग किया जाएगा।

## कोयला मंत्री से की केंद्रीय अस्पताल के चिकित्सक के निलंबन की मांग

**धनबाद।** बीसीसीएल के केंद्रीय अस्पताल के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री रमा सिन्हा ने कोयला मंत्री को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने अपनी बेटी के साथ अस्पताल में हुए अभद्र व्यवहार का जिक्र करते हुए महिला चिकित्सक के निलंबन की मांग की है। भाजपा नेत्री का कहना है कि उनकी बेटी रित सिन्हा (21वर्ष) बीआईटी सिंदरी की छात्रा है। हॉस्टल में अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। इलाज के लिए उसे केंद्रीय अस्पताल ले गई, जहां इमरजेंसी में कोई डॉक्टर नहीं था। नर्से भी कमरा बंद कर सो रही थी। गार्ड के बोलने के बाद एक महिला डॉक्टर आयी।

## आरएसपी कॉलेज प्रकरण पर निकला गया रोड शो

**झरिया।** झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने झरिया के राजा शिव प्रसाद (आर.एस.पी.) महाविद्यालय के नवनिर्माण का प्रस्ताव राज्य सरकार से पारित होने पर विशाल रोड-शो का नेतृत्व किया और नुनुडीह (डिगवाडीह) स्थित नए महाविद्यालय परिसर के समीप सभा को संबोधित किया। झरिया पुनर्निर्माण रोड-शो के शुरू होने से पहले विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने भगतडीह स्थित पुराने महाविद्यालय भवन में विधि विधान के साथ हजारों लोगों की मौजूदगी में रोड-शो प्रारंभ किया। रोड शो पुराने आरएसपी महाविद्यालय कॉलेज ग्राउंड से प्रारंभ होकर कतरास मोड़, थाना मोड़, होरलाडीह, उपरकुली रोड, इंदिरा चौक, बनियाहिर, भागा चौक, लोदना मोड़ तक गया।

## धनसार गोलीकांड : आरोपी ढोलक सिंह को जेल



खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** धनसार गोलीकांड के आरोपी ढोलक सिंह को झरिया पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया। बुधन की मौत के बाद सोमवार को आसनसोल मे पोस्टमार्टम कराया गया।पोस्टमार्टम के बाद शव विक्ट्री कालोनी पहुचतें ही हाहाकार मच गया।वहीं इस घटना से आक्रोशित हजारों लोगों ने धनसार थाना के समीप झरिया धनबाद मुख्य मार्ग मे बुधन का शव दो घंटे रखकर जाम कर दिया। आंदोलन मे मृतक की पत्नी सहित उसके स्वजन शामिल थे। सड़क पर ही सिर पटक पटक कर पत्नी निशा अपने दोनों बच्चों के साथ रो रही थी।यह दृश्य देख वहां पुलिस बल भी भावुक हो उठे। आक्रोशित लोग आरोपी गुड्डू सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।वहीं दूसरी ओर पुलिस आंदोलनकारियों से निपटने के लिए हर संभव तैयारी कर रखी थी।एक तरफ पुलिस बल कतारबद्ध मे खड़े होकर आंदोलन कर रहे लोगों को आगे बढ़ने से रोक रहे थे। वहीं दूसरी ओर सैकड़ों की संख्या मे आंदोलनकारी सड़क पर जाम लगा आंदोलन कर रहे थे।सूचना पाकर धनबाद सांसद ढुल्लू महतो पहुंचे।इन्होने मृतक की पत्नी निशा देवी सहित अन्य स्वजन से मिले।इस परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस परिवार को हर संभव मदद किया जाएगा।साथ ही पुलिस प्रशासन से कहा कि जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी करे।इस मामले को केंद्र व राज्य सरकार को अवगत कराते हुए दोषियों को फांसी दिलाने की मांग करेंगे। कहा कि जब गरीब का बेटा तरक्की करता है तो अमीरों की आंख की किरकिरी हो जाती हैं।बुधन गरीबों का मसीहा बनता जा रहा था।पर कुछ लोगों को यह नागवार गुजरी।और उसकी हत्या कर दी।कहा कि धनबाद मे अब गुंडागर्दी नहीं चलेगी।वहां मौजूद धनबाद विधि व्यवस्था दीपक कुमार ने सांसद से कहा कि इस मामले मे केस दर्ज कर ढोलक सिंह को जेल भेज दिया गया है।अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।जल्द ही पकड़े जाएंगे।इस आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त हुआ।बुधन का अंतिम संस्कार बस्ताकोला गोशाला मे किया गया। बुधन के मौत के बाद रविवार को लोगों ने धनसार मे जमकर बवाल किया था।इसी को लेकर धनबाद पुलिस सोमवार को काफी सक्रिय रही।बुधन के शव आने की सूचना पर पुलिस बल सक्रिय रही।पुलिस धनसार चौक से लेकर धनसार बंद पेट्रोल पंप तक फ्लैग मार्च निकाला।

# धर्म-संस्कृति को लेकर सजग नहीं रहे तो विनाश तय

**बुधुडीह दुर्गा मंदिर परिसर में सोमवार को हिंदू धर्म सभा**



खबर मन्त्र संवाददाता

**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड के बुधुडीह दुर्गा मंदिर परिसर में सोमवार को हिंदू धर्म सभा का आयोजन किया गया। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध कथा वाचिका विदुषी अंजनी गोस्वामी मौजूद थी। ग्रामीणों ने कथा वाचिका का ढोल नगाड़े एवं शंख ध्वनि के साथ भव्य स्वागत किया। विदुषी अंजनी गोस्वामी ने कहा कि अगर हम अपने धर्म और संस्कृति के प्रति सजग ना रहे तो बाहरी आक्रमण होगा। यह बहुत जरूरी है कि हम अपने धर्म और संस्कृति के प्रति सोचें। लोग क्या कल्पना कर रहे हैं कि भारत हिंदू राष्ट्र बन जाए लेकिन हमारी यह कल्पना तब सार्थक सिद्ध होगी, जब हम इसके लिए काम करेंगे। केवल कह देने से कोई काम सिद्ध नहीं हो जाता है । हमें उसके लिए मेहनत करनी पड़ती है। त्याग और बलिदान करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि आज से 1000 वर्ष भूटान, अफगानिस्तान बांग्लादेश, श्रीलंका,यहां तक कि बाद में हमसे काट कर बना पाकिस्तान भी हिंदुओं से भरा था, लेकिन धर्म के प्रति सजग नहीं रहने के कारण अब इन जगहों पर हिंदू विलुप्त हो गए। आज 1000 वर्ष पूर्व इन स्थानों पर हिंदुओं की संख्या 66% थी। लेकिन आज शून्य तक पहुंचने वाली है।आज अपने देश में यह नौबत आ गई है कि धार्मिक अनुष्ठानों में भी अश्लील नृत्य हो रहे हैं, क्या इससे हमारा धर्म और संस्कृति बच पाएगी। यह हम हिन्दुओं के सोचने वाली बात है। अगर हम आज भी सतर्क और सजग नहीं रहे तो विनाश के लिए तैयार रहें।

## डांडिया नाइट 29 को

**धनबाद।** सहयोग फाउंडेशन की ओर से आगामी 29 सितंबर को धैया में शाम चार बजे से नवरात्र डांडिया नाइट का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शामिल होने वाली महिलाओं का 27 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। अब तक करीब एक सौ से अधिक महिलाओं और युवतियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है। यह जानकारी सोमवार को आमंत्रण रेस्टोरेंट में फाउंडेशन की अध्यक्ष नीतू तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि हमलोग हाल ही में मदर्स डे, फादर्स डे और श्री कृष्ण जन्मोत्सव सह खाटू श्याम महोत्सव जैसे सफल आयोजन किए थे। इस बार भी डांडिया का विशाल आयोजन किया जा रहा है। मौके पर प्रीति रॉय, लक्ष्मी, खुशबू, तनुश्री, रंजना सिंह, किरण रॉय, अर्चना सिन्हा, रितु गुप्ता, सहित अन्य सदस्य मौजूद थी।



## मिलन समारोह में युवाओं ने थामा भाकपा माले का दामन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** एग्यारकुंड प्रखंड अंतर्गत डूमुरकुंडा उत्तर पंचायत न्यू लाइकडीह एवं जूनकुंदर में मिलन समारोह की अध्यक्षता संतु चटर्जी ने की व संचालन मनोरंजन मलिक ने किया। युवा नेता संतोष मिश्रा के नेतृत्व में चिरकुंडा शहीद चौक से मोटरसाइकिल जुलूस की शक्ल में पूर्व विधायक अरुप चटर्जी को सभा स्थल पर लाया गया और फूलों का हार पहनाकर गर्म जोशी से स्वागत किया गया। समारोह में भाजपा -झामुमो छोड़ कई युवाओं ने भाकपा माले का दामन थामा। उन्हें माला पहना कर स्वागत किया गया। भाकपा-माले का दामन थामने वालो में मुन्नी पासवान, बिट्टू कुमार यादव, दयानंद ओझा,सागर राम, पप्पू साहब, रोहित कुमार, मनीष साहब, राहुल कुमार यादव, रंजीत रजक, अवधेश रजक, राहुल कुमार,राजा पासवान, सूरज कुमार, महेंद्र कुमार, अखिलेश पासवान,रोहित यादव, उमेश भुईया, रुस्तम अंसारी, छोटू रजक यादव, सुखदेव यादव,नीतीश कुमार यादव, बंटी रजक, विजय कुमार शर्मा आदि शामिल हैं।

**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर बादल चंद्र बाउरी, संतु चटर्जी, मनोरंजन मलिक, श्यामल रविदास, कल्याण राय, संतोष मिश्रा, मोहम्मद कलाम, वंदना देवी, अनु चटर्जी, राजेंद्र यादव, श्यामापद बाउरी आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

## झूठ की बुनियाद पर बनी है हेमंत सरकार अब परिवर्तन तय है : रूपेश सिन्हा

**धनबाद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर कमेटी की बैठक सोमवार को भाजपा कार्यालय में हुई। अध्यक्षता नित्यानंद मंडल ने की। भाजयुमो प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा ने कहा कि युवा मोर्चा संगठन की रीढ़ है। हेमंत सरकार ने 5 लाख युवाओं को सालाना नौकरी देने का झूठा वादा कर सरकार बनाई। राज्य की जनता हेमंत सरकार से उब चुकी है और परिवर्तन करना चाहती है। 26 तारीख को महुदा से पुटकी, करकेन्ड, केंदुआ, बैंकमोड़ आदि जगहों में भव्य स्वागत करने का निर्णय लिया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि युवा मोर्चा पूरी मुस्तैदी के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये कटिबद्ध है। बैठक में भाजपा अध्यक्ष श्रवण राय, मानस प्रसून, सुनील पासवान, तमाल राय, सुद्दाम बनर्जी, संतोष झा पिंटू, अमलेष सिंह, रवि मिश्रा,आयुषी गुप्ता,दिनेश रवानी, जीत सोनी, सोनू चंद्रवंशी,नीरज शर्मा आदि मौजूद थे।

## धनबाद के नए एसडीओ ने पदभार ग्रहण किया



धनबाद। धनबाद अनुमंडल के नए अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने आज संध्या अनुमंडल कार्यालय में पदभार ग्रहण किया।इस अवसर पर निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यपालक दंडाधिकारी रवींद्रनाथ ठाकुर, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, एनडीसी दीपक दुबे, अंचल अधिकारी पुटकी श विकास आनंद के अलावा अनुमंडल कार्यालय के सभी कर्मचारी मौजूद थे।

## 29 को लोक जनशक्ति पार्टी की आमसभा में शामिल होंगे चिराग पासवान



**धनबाद।** आगामी 29 सितंबर को कोयला नगर स्थित नेहरू कांपलेक्स में आयोजित आमसभा को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान संबोधित करेंगे। यह जानकारी सोमवार को सर्किट हाउस में पत्रकारवार्ता में पार्टी के जिला अध्यक्ष दीलीप कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री के साथ झारखंड प्रभारी सह जमुई के सांसद अरुण भारती, खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा, वैशाली की सांसद वीणा देवी, समस्तीपुर की सांसद शांभवी चौधरी उपस्थित रहेंगी। सभा में धनबाद जिले कीज्वलंत समस्याओं पर चर्चा होगी तथा समाधान का रास्ता निकाला जाएगा। जिले के कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम शामिल होने को कहा गया है। मौके पर पार्टी के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मृत्युंजय सिंह के नेतृत्व में वार्ड संख्या-20 के कई युवकों ने थामा कांग्रेस का दामन



धनबाद। बेकारबांध वार्ड नंबर 20 में सोमवार को धनबाद नगर कांग्रेस के बूथ कमेटी अभियान को मजबूत के संदर्भ में कांग्रेस नगर अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने कांग्रेस का दामन थामा। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नवनीत नीरज शशि यादव समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद थे। कांग्रेस नेताओं ने वार्ड नंबर 20 के मनोनीत वार्ड अध्यक्ष गोलू यादव और उपाध्यक्ष विश्वजीत सिंह को माला पहनकर स्वागत किया गया। बूथ कमेटी के दौरान उपस्थित नेताओं ने कहा कि इस बार धनबाद विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का परचम लहराएगा।

